आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 19.06.2026 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–युवाओं और उद्योगों के एक साथ आगे बढ़ने से रोजगार निर्माण को गति मिलेगी।
- पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त कल जारी की जाएगी–9 करोड़ 44 लाख से अधिक पात्र किसानों के खातों में लाभ राशि हस्तांतरित की जाएगी।
- राज्य सरकार ने सरकारी कार्मिकों के स्थानांतरण पर लगा प्रतिबंध हटाया–तृतीय श्रेणी शिक्षक और चिकित्सा विभाग में ट्रांसफर पर रोक रहेगी।
- आर.पी.एस.सी. ने एसआई भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा का परिणाम जारी किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार ने नये रोजगार सृजित करने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। साथ ही व्यवस्था में भी कई बदलाव किये हैं। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के तहत लगभग 2 हजार 400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं और उद्योग के एक साथ आगे बढ़ने से रोजगार निर्माण को गति मिलती है। प्रधानमंत्री ने केन्द्र सरकार की ओर से पिछले एक दशक में शुरू की गईं विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित किये हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये योजना युवाओं और उद्योगों के बीच मजबूत सेतु का काम कर रही है।

---------------

प्रधानमंत्री ने युवाओं से संवाद भी किया। वहीं देशभर में 200 स्थानों पर समानांतर क्षेत्रीय कार्यक्रम हुए। प्रदेश में ये कार्यक्रम जयपुर सहित जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अलवर, पाली और भीलवाड़ा में आयोजित हुए। जयपुर में के सीतापुरा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिरकत की।

000

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त कल जारी की जाएगी। इसके माध्यम से 9 करोड़ 44 लाख से अधिक पात्र किसानों को लाभान्वित किया जाएगा। इस किस्त के जरिये 18 हजार 880 करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसमें अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को हर साल दो–दो हजार रुपये की तीन किस्तों में कुल 6 हजार रुपये सालाना की आर्थिक सहायता दी जाती है।

000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानूनी प्रक्रिया के हर चरण में प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से एकीकृ त करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि आपराधिक न्याय प्रणाली को देश के प्रत्येक नागरिक के लिए संविधान द्वारा दिये गये अधिकारों को प्राप्त करने का उपयुक्त साधन बनाया जाए। आज नई दिल्ली में 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन–2026 को संबोधित करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली का जिक्र किया। श्री शाह ने कहा कि ऐसे कई मामले हैं जहां इस प्रणाली ने सबसे जटिल मामलों को भी सरल बनाने में बहुत मदद की है। वर्तमान में इसकी क्षमता का केवल 10 प्रतिशत पर ही उपयोग होता है। गृह मंत्री ने कहा कि यह प्रणाली अपराधियों की पहचान करने में अत्यधिक प्रभावी है, लेकिन यह तभी सफल हो सकती है जब व्यापक डेटा लगातार उत्पन्न किया जाए।

000

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस–एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत तीन महीनों में लगभग पचास लाख टीके लगा जा चुके हैं। यह उपलब्धि युवा जीवन की सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सोशल मीडिया पोस्ट में मंत्रालय ने कहा कि अभियान में तेजी आई है। मध्य प्रदेश और गुजरात में सौ प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है। मंत्रालय ने कहा कि यह प्रगति भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की मजबूती और देश भर में अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों के अथक प्रयासों को उजागर करती है।

000

21 जून को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज विधानसभा परिसर में सामूहिक योग कार्यक्रम योगोत्सव का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के नेतृत्व में हुए इस योगाभ्यास में विधायक, विधानसभा सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि योग स्वस्थ शरीर, संतुलित मन और सकारात्मक जीवन दृष्टि प्रदान करता है। साथ ही शारीरिक समन्वय, मानसिक एकाग्रता और आत्मविश्वास को बढ़ाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

---------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी आज अपने आवास पर विश्व योगासन चैंपियनशिप के पदक विजेताओं के साथ योगाभ्यास किया। राज्य में अन्य स्थानों पर हो रहे योग कार्यक्रमों के तहत आज जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान परिसर में जुम्बा रैली का आयोजन किया गया। इसके बाद संस्थान की ओर से हवामहल तक योगा रैली निकाली गई। इसमें संस्थान के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। पाली में आयुर्वेद विभाग की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास करवाया गया।

000

राज्य सरकार ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण पर पर लगी रोक को अस्थायी रूप से हटा दिया है। प्रशासनिक सुधार और समन्वय विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार आज से अगले महीने की 5 तारीख तक के लिए तबादलों पर लगा प्रतिबंध हटाया गया है। इस अवधि में राज्य सरकार के विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण किए जा सकेंगे।

हालांकि, शिक्षा विभाग के तृतीय श्रेणी वेतन श्रृंखला के अध्यापकों के लिए स्थानांतरण प्रतिबंध फिलहाल यथावत रहेगा। इसके साथ ही वर्षा काल में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए चिकित्सा विभाग के कार्मिकों पर भी स्थानांतरण प्रतिबंध अग्रिम आदेशों तक लागू रहेगा। आदेश में कहा गया है कि गंभीर बीमारी से पीड़ित कार्मिकों ओर पति–पत्नी के मामलों में प्राथमिकता दी जाएगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज राज उन्नति की बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई इस बैठक में विभिन्न परियोजनाओं, योजनाओं और परिवेदनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जवाबदेही तय करते हुए लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आमजन से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण और विकास कार्यों को गति देने पर भी जोर दिया।

000

स्टार्टअप इंडिया के दस साल पूरे होने के अवसर पर आज जयपुर के भामाशाह टेक्नो हब में सेमीनार का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य में स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास, अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस सेमीनार में वरिष्ठ अधिकारियों ने युवा उद्यमियों से संवाद किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अतीश कुमार सिंह ने "सरकार के 12 वर्ष और स्टार्टअप इंडिया पहल के 10 वर्ष" विषय पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि राजस्थान ने नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। श्री सिंह ने कहा कि स्टार्टअप इकोसिस्टम का लाभ केवल बड़े शहरों तक सीमित न रहकर दूरस्थ जिलों और समुदायों तक भी पहुँचना चाहिए। कार्यक्रम के बाद उन्होंने मीडिया से भी संवाद किया। श्री सिंह ने कहा कि

प्रदेश में 8 हजार से ज्यादा स्टार्टअप हैं और यहां के युवा एक से बढ़कर एक नए आइडियाज़ पर काम कर रहे हैं।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आज एसआई भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इसमें 20 हजार 798 अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए चयन हुआ है। इन अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक जयपुर द्वारा समय पर सूचित किया जाएगा। इन अभ्यर्थियों की पात्रता संबंधी जांच साक्षात्कार के समय की जाएगी। आयोग ने कहा है कि अभ्यर्थी ये सुनिश्चित कर लें कि वे वर्तमान नियमों के तहत पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हैं या नहीं। गौरतलब है कि 1 हजार 86 पदों के लिए ये लिखित परीक्षा 5 और 6 अप्रेल को आयोजित की गई थी।

000

जयपुर पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर निगरानी और कार्रवाई को और सख्त कर दिया है। पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल के निर्देश पर शहर के 15 स्थानों पर लगे 47 कैमरों के माध्यम से वाहन चालकों पर ऑनलाइन निगरानी रखी जा रही है। पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल ने बताया कि तेज गति से वाहन चलाने और लालबत्ती का उल्लंघन करने जैसे मामलों में नियमित ई–चालान जारी किए जा रहे हैं।

000

राज्य सरकार ने प्रोबेशन पीरियड वाले राज्य कर्मचारियों को भी राज्य बीमा योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा जारी प्रावधानों के अनुसार इन कर्मचारियों के पारिश्रमिक से भी राज्य बीमा प्रीमियम के रूप में हर महीने 800 रुपये की कटौती की जाएगी। यह व्यवस्था 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। विभाग के संयुक्त निदेशक प्रह्लाद कुमार मीणा ने बताया कि इस निर्णय से कर्मचारियों को सेवा के प्रारंभिक चरण से ही सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय संरक्षण उपलब्ध हो सकेगा।

000

गर्मी की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने जोधपुर और चेन्नई के बीच साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि ये ट्रेन 27 जून से 25 जुलाई तक हर शनिवार को जोधपुर से रवाना होगी और सोमवार शाम चेन्नई पहुंचेगी।